# न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

## समक्ष एम.के. सिंह

## सदस्य

अपील प्रकरण क्रमांक 3628/I/2015 विरूद्ध आदेश दिनांक 01.05.2015 पारित द्वारा अतिरिक्त आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर प्रकरण क्रमांक 58/बी–121/2014–15

प्यारे लाल गौड पुत्र श्री धनसिंह गौड
निवासी–ग्राम 79 सनकुही तहसील कुण्डम जिला जबलपुर (म.प्र.)
-- अपीलार्थी

विरूद्ध

मध्य प्रदेश शासन द्वारा कलेक्टर जिला जबलपुर (म.प्र.)
-- प्रत्यर्थी

श्री के.के. द्विवेदी, श्री धमेन्द्र चतुर्वेदी अभिभाषक अपीलार्थी
श्री वी.एन.त्यागी सूचि अभिभाषक

## !! आदेश !!

(आज दिनांक ..16./11/2015)

यह अपील अपीलार्थी द्वारा अतिरिक्त आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर प्रकरण क्रमांक 58/बी–121/2014–15 में पारित आदेश दिनांक 01.05. 2015 के विरूद्ध मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता सन् 1959 की धारा 44 (जिसे आगे केवल संहिता कहा जायेगा) के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई है।

2– प्रकरण का सारांश यह है कि अपीलार्थी ने कलेक्टर, जबलपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मांग की गयी है, कि उसके स्वामित्व की भूमि ग्राम रिछाई प.ह.न हल्का नं. 93 रा.नि.म. खम्हरिया तहसील व जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 349/2 रकवा क्रमशः 0.200 है0 एवं खसरा नं. 351 रकवा 0.760

